NT>

Title: Need to provide stoppage of important Express Trains at Jalgaon Railway Station, Maharashtra.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : सभापति जी, मेरा संसदीय क्षेत्र जलगांव जिला मुख्यालय है तथा इस क्षेत्र की आबादी 5 लाख के करीब होगी। जलगांव, महाराट्र के प्रमुख औद्योगिक शहरों में माना जाता है। यहां पर रेमण्ड, जैन इर्रिगेशन, के.बी.एक्स, सुप्रीम पाइप जैसी महत्वपूर्ण इकाइयां स्थापित हैं। विश्व प्रसिद्ध अजंता की गुफाएं जलगांव से मात्र 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, जिसे देखने के लिए देश व विदेश से पर्यटक आते हैं और पर्यटकों के लिए इस स्थान हेतु जलगांव एक मात्र रेलवे स्टेशन है। जलगांव में नार्थ महाराट्र यूनिवर्सिटी होने से शिक्षा की दृटि से भी इसका महत्व बढ़ता जा रहा है। जलगांव मध्य रेलवे के भूसावल मंडल के अंतर्गत आने वाला एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जहां से मुम्बई, सूरत तथा नागपुर और दिल्ली की ओर गाड़ियों का आवागमन होता है। लेकिन कई महत्वपूर्ण एक्सप्र ेस गाड़ियां यहां पर न रुकने के कारण पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यह क्षेत्र केला उत्पादन में देश में एक प्रमुख स्थान रखता है और यहां पर देश के कोने-कोने से व्यापारी आते रहते हैं, लेकिन एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव जलगांव में न होने के कारण उन्हें भी कठिनाई होती है। इस संबंध में मैं काफी समय से जलगांव में एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव हेतु पत्र लिखकर रेलवे विभाग से अनुरोध कर रहा हूं, लेकिन अभी तक इस संबंध में रेलवे विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र जलगांव रेलवे स्टेशन के महत्व को देखते हुए निम्नलिखित रेल गाड़ियों को जलगांव रेलवे स्टेशन पर ठहराव हेतु आदेश पारित करने का कट करेंगे।

गाड़ी नं. 2165/2166, 1069/1070, 1093/1094, 2617/ 2618, 1067/1068, 2779/2780,

1031/1032, 1029/1030.